# मक्का खरीदी में व्यस्त है प्रभारी कार्यपालन यंत्री

## मुख्य अभियंता या एसडीएम राजस्व केवलारी के औचक निरीक्षण से खुल जाएगी पोल





**जल संसाधन विभाग के कामों की तरफ नहीं जा रहा ध्यान, शासकीय गोदामों में ठूस दिया मक्का**

**सिवनी नवभारत। केवलारी तिलवारा बाई तट नहर संभाग केवलारी जल संसाधन विभाग में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन मंत्री प्रेम नारायण नाग इस समय केवलारी स्थित कार्यालय से हमेशा नदारत रहते हैं। क्षेत्र में घूम-घूम कर अपने निजी व्यवसाय मक्का खरीदी में व्यस्त हैं कुछ व्यापारियों के साथ मिलाकर लगभग 1 करोड़ रुपया का मक्का खरीद कर विभाग की केवलारी कॉलोनी स्थित दो बड़े-बड़े गोदामो का निजी उपयोग कर उन्होंने मक्का संग्रहित कर रखा है। इन गोदाम में शासकीय सामग्री पूर्व से रखी थी जिसको नाग ने प्रभार लेते ही रफा दफा करवा दिया और अपना निजी मक्का इन गोदामो में रखवा कर बाजार में मक्के के तेज रेट होने का इंतजार कर रहे हैं**

वैनगंगा कछार सिवनी के प्रभारी मुख्य अभियंता अशोक डेहरिया या केवलारी में पदस्थ राजस्व अधिकारी एस0डी0एम नवभारत समाचार पत्र आज सुबह हाथ में आते ही यदि तत्काल केवलारी कॉलोनी स्थित विभाग के इन गोदामो का औचक निरीक्षण करेंगे तो नाग के निजी व्यापार एवं व्यापार में लाये जा रहे शासकीय गोदामों का हो रहे दुरुपयोग की कलई खुल जायगी हालांकि नाग के कारनामों की कलई खोलने की उम्मीद प्रभारी मुख्य अभियंता से शून्य मात्र है

### गाद और झाड़ियों से अटी माइनर, अवरुद्ध हुआ जल बहाव

किसानों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि नहर सफाई के नाम पर महज़ औपचारिकता निभाई जाती है। इस लापरवाही का प्रमाण बम्हनी वितरक माइनर की वर्तमान स्थिति है, जो पूरी तरह से गाद, कचरे और बड़ी-बड़ी झाड़ियों से अटा पड़ा है। इस अवरोध के कारण ही आगे पानी का बहाव पूरी तरह से रुक गया है और किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। किसानों का स्पष्ट कहना है कि सफाई के नाम पर लाखों रुपये का बजट खर्च होने के बावजूद माइनर की यह स्थिति साफ तौर पर विभाग की अनदेखी और लापरवाही की ओर इशारा करती है।

**रातों-रात उठ सकता है मक्का**

नवभारत द्वारा उठाये गये यह सनसनीखेज मामले को यदि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं एसडीएम राजस्व केवलारी द्वारा संज्ञान में लेकर कार्यवाही नहीं की गई तो रातो रात नाग एवं उनके सह व्यापारियों द्वारा गोदामो मे रखा मक्का उठाया जा सकता है।

### अधिकारियों के रवैये से किसानों में आक्रोश

पानी न मिलने से किसान इस समय बेहद परेशान हैं, इस समय किसानों को खेतों में पानी की सख्त आवश्यकता है। किसानों का आक्रोश जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के प्रति बढ़ता जा रहा है, क्योंकि जब उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर अधिकारियों से संपर्क किया, तो उन्हें निराशाजनक और बेतुके जवाब मिले। किसान सुरेश साहू, महरोज़ खान और जाहिद खान ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जबकि उनकी पूरी मेहनत और पूंजी दांव पर लगी है। उनका कहना है कि अगर जल्द पानी नहीं मिला, किसान संकट में आ जाएंगे, किसानों को फसलों की बुवाई करना है।

### लाखों खर्च के बाद भी बम्हनी माइनर सूखा

कान्हीवाड़ा इस समय रबी फसलों की बुवाई का काम शुरू हो चुका है, किसानों के खेतों में पानी की सख़्त आवश्यकता है। सिवनी जिले में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण सैकड़ों किसानों की रबी फसल पर गंभीर संकट छा गया है। भीमगढ़ दांयी तट नहर के अंतर्गत आने वाले कान्हीवाड़ा उप संभाग क्रमांक 3 के बम्हनी वितरक माइनर में नहर सफाई न होने के कारण स्थिति यह है कि मुख्य नहर (मैन कैनल) में पानी छोड़े जाने के बावजूद, खैरी और बम्हनी गांव के सैकड़ों किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी अभी तक नहीं पहुंच पाया है। किसानों का आरोप है कि विभाग हर साल नहरों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर महज़ औपचारिकता निभाई जाती है।

### त्वरित जांच और युद्धस्तर पर सफाई की मांग

प्रभावित किसानों ने अब जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। किसानों ने अनुरोध किया है कि इस गंभीर लापरवाही की तत्काल जांच की जाए और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा है कि बम्हनी वितरक माइनर में युद्धस्तर पर सफाई का कार्य कराकर तत्काल किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जाए।




# मतदाता पुनरीक्षण कार्य को बेहतर तरीके से निपटायें

**सिवनी नवभारत।** एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू तेकाम, विधानसभा प्रभारी हेमंत बागदारे की उपस्थिति में बी.एल.ए. प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला प्रशिक्षक भोजेश्वर पटले द्वारा उपस्थित बी.एल.ए. और कार्यकर्ताओं को एस.आई.आर. प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये अवगत कराया की आपकी जरा सी अनदेखी से कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है आप सभी अपने बूथ पर मतदाताओं को उनके नाम जुड़वाने की आवश्यक सहयोग करें और नये मतदाताओं के नाम जोड़ने में आवश्यक दस्तावेजो की जानकारी देने का काम आपसे बेहतर और कोई नही कर सकता है। प्रशिक्षण में सिवनी विधानसभा के बी.एल.ए. के साथ साथ कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित हुये। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रशिक्षण में उपस्थित कांग्रेस के बीएलए को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप अपने बूथ में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को बेहतर ढंग से कर सकते है, आप ही पार्टी के ऐसे योद्धा हो आप सभी की सक्रियता से आपके बूथ पर साफ सुथरी मतदाता सूची का निर्माण हो सकता है, आप ही कांग्रेस पार्टी का केन्द्र बिन्दु है आपकी सक्रियता ही सत्ताधारी दल भाजपा की वोट चोरी और मतदाता सूची में की जाने वाली गड़बड़ियॉं रोकी जा सकती है। नरेश मरावी ने आगे कहा कि हम सभी का पार्टी के प्रति यह कर्तव्य है। आज देश हित में आवश्यक है कि हम आपस में एक दूसरे की कमियों को नजर अंदाज कर सब मिलकर भाजपा सरकार की हर गलत नियत का पर्दाफास कर जनता के सामने लाने का काम करें।

## एक नजर में

### बुलेट की गरज नहीं, नियमों की गरिमा जरूरी



सिवनी। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है, तेज आवाज वाली बुलेट वाहनों, सड़क पर गलत दिशा में वाहन चलाने वाले एवं सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा दिए गए हैं। इसी के अंतर्गत यातायात प्रभारी द्वारा यातायात बल के साथ 30 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 20000/- रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात, सउनि शत्रुघ्न चोरिया, सउनिद्वरघुवीर परिहार, आरक्षक राजेश सरयाम, आरक्षक लोकराम गुर्दे, आरक्षक चालक पंकज शर्मा, आरक्षक धर्मेंद्र परतेती शामिल रहे।

### छात्रा दिशा बघेल ने की प्री आरडीसी कैंप में सहभागिता



सिवनी। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता कर लौटी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी की छात्रा दिशा बघेल का सम्मान कर शुभकामनाएं दी। एनएसएस प्रोग्राम ऑफीसर प्रो गनेश कुमार मंतारे ने बताया कि महाविद्यालय के बीए चतुर्थ वर्ष की छात्रा दिशा बघेल द्वारा लगातार तीन चयन प्रक्रिया पहले महाविद्यालय स्तर दूसरा जिला स्तर और तीसरा विश्वविद्यालय स्तर में चयनित होने के पश्चात विश्वविद्यालय में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए लगातार कड़ी मेहनत की जिसके दौरान इन्होंने कदमताल तथा सांस्कृतिक और व्यक्तित्व परीक्षण प्राप्त कर फिर राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर प्रिआरडीसी कैंप 5 नवंबर से 14 नवंबर आईटीएम यूनिवर्सिटी में दिशा बघेल ने लगातार ड्रिल परेड सांस्कृतिक विधा में अपना हुनर दिखाया।

### शिक्षक जितेन्द्र तिवारी के निधन से शोक की लहर

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा के केवलारी की उप तहसील उगली



मुख्यालय के निवासी वार्ड क्रमांक 1 जितेंद्र तिवारी शिक्षक जो वर्तमान में चिखली प्राथमिक शाला में पदस्थ थे, जो की बीएलओ का कार्य भी संभाल रहे थे, जिनका विगत दिवस 22 नवंबर दिन शनिवार को अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने के बाद हृदय घात से आकस्मिक मृत्यु हो गई. श्री तिवारी की उम्र लगभग 50 वर्ष थी आपकी मृत्यु की खबर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर के साथ सभी शुभचिंतक मित्र रिश्तेदारों में अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दिये, जिनका पार्थिव शरीर गत दिवस रविवार को दाह संस्कार किया गया. आपके पीछे पूरा परिवार जिसमें पत्नी एक बेटी एक बेटा और बुजुर्ग पिताजी और एक भाई बहन दामांद सभी को छोड़कर काल के गाल में समा गए, आपके आकस्मिक निधन को लेकर सभी स्तब्ध है, आपके परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री तिवारी विगत कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनकी बीमारी का कारण पता करने पर जानकारी मिली कि बी एल ओ के जटिल कार्य को करने की वजह से अत्यधिक तनाव में श्री तिवारी डिप्रेशन में जिंदगी जी रहे थे, जिसके अंतर्गत बी एल ओ का कार्य जो चुनाव आयोग की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# एसआईआर फार्म भरने लोगों को जागरूक कर रहे कलीमुद्दीन



**सिवनी नवभारत।** एसआईआर फार्म भरने में आमजनों को आ रही समस्याओं को देखते हुए भगतसिंह वार्ड के जागरूक युवा कलीमुद्दीन मौलाना द्वारा लोगों को सहायता की जा रही है। कलीमुद्दीन के द्वारा वार्डवासियों की सुविधा के लिए मतदाता सूची से नाम निकालकर दिया जा रहा है जिससे लोगो को फार्म भरने में आसानी हो रही है। कलीमुद्दीन के इस प्रयास की आमजनों द्वारा सराहना की जा रही है।

# बंद पड़ी बिजली, आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा विद्युत कार्यालय

**शीघ्र समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**




**गणेशगंज नवभारत।** जिले के छिंदवाहा ग्राम में बिजली संकट गहराते जा रहा है जहां गांव और खेतों की लाइट पिछले आठ दिनों से पूरी तरह बंद पड़ी है जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर ग्राम छिंदवाहा के आक्रोशित ग्रामीणो ने सोमवार को एकजुट होकर ट्रैक्टरों में जाकर बिजली ऑफिस गणेशगंज पहुंचे जहां सभी ने विरोध जताया। वही ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगा एक पंप वाला ट्रांसफार्मर लो वोल्टेज की वजह से काम नहीं कर रहा है जिसके कारण मोटरें चालू नहीं हो पा रहीं हैं जिससे खेतों में सिंचाई रुक गई है फसलें उग नहीं पा रही है और पूरा गांव रात के अंधेरे में डूबा रहता है। बिजली बंद रहने से सुरक्षा का संकट गहरा गया है। कई जरूरी काम ठप पड़े हैं और किसानों को फसलों को लेकर नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर म. प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, गणेशगंज कार्यालय को लिखित आवेदन सौंपा है। लिखित आवेदन में ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर तुरंत बदला जाकर बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जाए यदि शीघ्र समाधान नहीं मिला तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# नि :शुल्क कोचिंग संस्थान को मिली लाइब्रेरी की सौगात



**छपारा नवभारत।** गरीब बच्चों को मुफ्त में कोचिंग मिल सके जिसको लेकर उषांकार चैरिटेबल एवं एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग सेंटर रविदास भवन छपारा में गरीब एवं पिछड़े तबके के परिवारों के बच्चों को ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कोचिंग लगातार सात महीने से दी जा रही है जहां बीते दिवस शनिवार को एक नि:शुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। लाइब्रेरी के शुभारंभ कार्यक्रम में छपारा नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया और लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में छपारा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह ठाकुर, ठाकुर जयकेश सिंह, छपारा थाना नगर निरीक्षक खेमेंद्र जैतवार एवं संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य महेश रहमतकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर, चक्रेश सिंह ठाकुर युवा साथी सौरभ सिंह ठाकुर, मिक्की परिहार के साथ मिशन स्कूल छपारा के प्राचार्य माइकल जॉन, प्रदीप मसीह एवं संजय मसीह छपारा के समाजसेवक सुनील दत्त पाठक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर नि:शुल्क कोचिंग में अध्ययनरत छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया एवं शिक्षा का महत्व बताया और बच्चों को पठन पाठन सामग्री कापियां पेन, बिस्किट देकर उन्हें शिक्षा के प्रति आगे आने के लिए मार्गदर्शन और अपना अनुभव साझा किया। इस पूरे आयोजन में संदीपनी विद्यालय के मेथस साइंस के शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता की भूमिका भी सराहनीय रही। शुभारंभ कार्यक्रम में छपारा नगर के मीडियाकर्मी हाशिम खान, प्रदीप श्रीवास्तव, सुधीर नागले, गजेन्द्र सिंह गब्बर, निशांत सिंह ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी उपस्थित अतिथियों ने उषांकर चैरिटेबल एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग की सराहना किया और संस्था के पर्यवेक्षक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह अहिरवार को भी धन्यवाद व बधाई ज्ञापित किया और समय-समय पर अपना योगदान और समय देने की बात कही। सभी बच्चों व छात्रों के मन में नि:शुल्क कोचिंग एवं लाइब्रेरी प्रारंभ होने पर बच्चों ने बहुत खुशी महसूस किया एवं बच्चों के पालकों ने भी इस नि:शुल्क कोचिंग की सराहना की। नि:शुल्क कोचिंग में पढ़ाने वाली टीचर स्वाति सुपलभक्त एवं कुमकुम व आर्यो बौद्ध की भी बहुत प्रशंसा की गई।



### बंडोल में इनामी मड़ई एवं अहीर नृत्य का हुआ आयोजन

**सिवनी।** ग्राम बंडोल में 23 नंबर को माल बाबा के प्रांगण में इनामी मड़ई एवं अहीर नृत्य का आयोजन हुआ जहा जिले के आस पास के अहीर नृत्य मंडल ने इस प्रतियोगता में हिस्सा लिया जिन्हे बड़ी संख्या में दर्शक देखने पहुंचे आयोजक समिति बंडोल द्वारा प्रथम पुरस्कार 5100/-, द्वितीय 4100/-, तृतीय 3100 /-, चतुर्थ 2100/ व पंचम 1100 /- एवं प्रत्येक मंडल को संत्वना पुरुषकार दिया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरूण यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा, विशिष्ट अतिथि विपिन यादव कोषाध्यक्ष, रमनलाल यादव, विनोद यादव, उमेश यादव, मुकेश यादव, अरूण यादव, विजय यादव, रामप्रसाद यादव व अन्य यादव बंधुयों समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मानव अधिकार आरटीआई संगठन की टीम ने की पीड़ित की मदद



**सिवनी नवभारत।** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत की कार्यालय पर 20 नवंबर को ग्राम जरौदा बखारी थाना बंडोल निवासी तुलसीराम पढ़ने आत्मज बजारी लाल परते द्वारा आवेदन संगठन को आवेदन किया गया था कि दीपावली के दिन सुबह वह बकरी लेकर अपने खेत गया था एवं खेत पर टेररा जला रहा था तो उसकी बकरी बड़े भाई के खेत पर रखे मक्का पर मुंह मार दिया था उसके बड़े भाई मनीराम परते द्वारा पीछे से गाली बकते हुए उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दिया एवं जलती आग में फेंक दिया था इस प्रकार आवेदक ने अपनी आवेदन में दिया था इस पर बंडोल थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा गलत धाराएं लगाने का आरोप तुलसीराम परते द्वारा आवेदन पर लिखा था।

गत 24 नवंबर को ग्राम जरौदा पोष्ट बखारी जाकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आरटीआई जागरूकता संगठन भारत की टीम ने उसके बड़े भाई मनीराम परते पिता बजारी लाल परते का बयान लिया तो उसके द्वारा बताया गया कि खेत की मेड के ऊपर से हमारी लड़ाई हुई थी एवं धक्का मुक्की होने पर बाजू में जल रही टटेरा की आग पर वह गिर गया था ऐसा उसने टीम को बयान दिया। डॉ मनोज बात्री संरक्षक मध्य प्रदेश एवं प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय सिवनी तथा प्रवीण बघेल मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र प्रभारी को दिया को अपना बयान दिया तथा उसी समय डा. मनोज बात्री के द्वारा टीआई बंडोल मनोज जघेला को तत्काल फोन लगाकर बात की। जिन्होंने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**आयोजन** | बाल विकास के बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा

# श्री सत्य साई बाबा का जन्म शताब्दी वर्ष भक्ति और सेवा भाव से मनाया




**घंसौर नवभारत।** श्री सत्य साई सेवा समिति घंसौर में श्री सत्य साई बाबा का जन्म शताब्दी वर्ष शिरडी साई मंदिर घंसौर में रविवार को श्री सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम 24 घंटे के अखंड भजन कीर्तन 9 नवंबर रविवार की शाम संपन्न हुआ, अखंड भजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सत्य साई बाबा के भक्तों ने भाग लिया। 23 नवंबर रविवार को प्रात: कालीन नगर संकीर्तन, रूद्रम वेद, ध्वजारोहण एवं कांकड़ आरती के साथ जन्म शताब्दी वर्ष की शुरुआत की गई।

पिछले लगभग दो महीनो से चल रही व्यापक तैयारियां बाबा के जन्मोत्सव समारोह में अंतिम पड़ाव में होती हैं.. लगभग 72 बाल विकास के बाल कलाकारो की जबरदस्त और शानदार प्रस्तुति मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का आगमन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। संध्याकालीन कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित एवं वेद - पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा साई भजनों से भक्तों को भाव-विभोर किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गायन ने समारोह को और आकर्षक बना दिया। बच्चों के कार्यक्रम के बाद उन्हें गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। मंदिर परिसर में नारायण महाभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दूध एवं पुलाव रूपी महाप्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद वितरण के दौरान समिति सदस्यों और सेवादल का सेवा भाव देखते ही बनता था। सभी ने पूरे समर्पण के साथ व्यवस्था संभाली।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष सक्सेना, अधीर सिंह सिसोदिया, धरम पटेल, सुदेश अग्रवाल, अनिल नेमा, संजय नेमा, राजकुमार पटेल, बब्लू सेन, निरंजन नेमा, उमाकांत यादव, बसंत सोनी, संजय जैन, मुकेश मेवाती, देवेंद्र चक्रवर्ती, अनिल भारद्वाज, राजेश यादव, राहुल बाकले, निरंजन नेमा, मोनू शर्मा, दीपक सोनी, गोविंद नेमा, राजेंद्र नेमा, अवधेश सेन, अविनाश बर्मन, गोलू सोनी, मुनेश ग्रियाम, अंकित नामदेव, रोहित नामदेव, हीरा चक्रवर्ती, यशवंत भारद्वाज सहित अनेक साई भक्तों का विशेष योगदान रहा। समारोह के अंत में समिति सदस्यों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। लगभग 500 से अधिक साई भक्तों ने इस जन्मोत्सव में भाग लेकर इसे भक्ति और सेवा की भावना से परिपूर्ण उत्सव बना दिया।

### श्री सत्य साई सेवा समिति ने माना आभार

23 नवंबर को सत्य साई बाबा के शताब्दी वर्ष जन्मोत्सव समारोह में समस्त श्रद्धालुजनो का, भक्तजनों का समिति के तमाम सदस्यों का, महिला सेवा दल इस भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए समस्त बाल कलाकारो का इस भव्य आयोजन को सफल संचालन सुवस्थित व्यवस्था हेतु श्री शिरडी साई मंदिर दरबार में पहुंचे समस्त श्रद्धालु जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार माना है। बाबा की कृपा हम सभी पर बनी रहे।




# एनसीसी दिवस पर निकाली गई रैली

**सिवनी।** एनसीसी दिवस रविवार को मनाया गया। इस मौके पर रैली का आयोजन किया गया। इसके साथ ही निबंध प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। रैली में स्कूल और कॉलेज सभी शामिल थे। शासकीय उच्च विद्यालय सिवनी से अनिल सिंह राजपूत मिशन स्कूल सिवनी से लक्ष्मण पटले उपस्थिति थे। आगामी 29 नवंबर को स्कूल में पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 28 को

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक व रोगी कल्याण समिति के सचिव द्वारा जानकारी दी गई की रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सिवनी की कार्यकारणी समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शुक्रवार 28 नवंबर को जिला चिकित्सालय सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

बैठक में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।